## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपी दबोचा

**चोपटा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते गांव मानक दिवान से एक युवक को अवैध पिस्तौल सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि सीआईए की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान चौपटा से होते हुए गांव मानक दिवान की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव मानक दिवान के नजदीक पंहची तो सामने से एक नौजवान युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र खिसकने का प्रयास करने लगा तो पुलिस पार्टी ने आरोपी विरेंद्र सिंह निवासी गांव मानक दिवान जिला सिरसा को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जा से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ।

### चेक बाउंस मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस नेचेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को गांव तामसपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत ने आरोपी संदीप कुमार को बीती 2 अगस्त 2025 को पीओ घोषित कर सिविल लाइन थाना पुलिस को शीघ्र अति शीघ्र न्यायालय में पेश करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ मामला दर्जकर जांच पीओ स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी।

### सुरेंद्र बैनीवाल होंगे सिरसा के नगरायुक्त

**सिरसा।** हरियाणा सरकार ने जिला नगरायुक्त वीरेंद्र सिंह सहरावत का तबादला कर दिया है। उन्हें अंबाला में इसी पद पर लगाया गया है। उनकी जगह सुरेंद्र बैनीवाल को सिरसा में जिला नगरायुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। फिलहाल सुरेंद्र सिंह हरियाणा राज्य कृषि मार्केटिंग बोर्ड में हिसार के क्षेत्रीय प्रशासक के पद पर कार्यरत थे। उल्लेखनीय है कि सुरेंद्र बैनीवाल इससे पहले भी सिरसा में लंबे समय तक नगरायुक्त के पद पर रहे हैं।

### नहर पटरी से व्यक्ति का शव बरामद

**ओढां।** गांव नुहियांवाली में नहर की पटरी पर नजदीक ठेका शराब देशी एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सुबह खेत जा रहे किसानों की उसपर नजर पडी तो उन्होंने ओढ़ा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर लोगों से पूछताछ की तो मृतक की पहचान दिलबाग सिंह निवासी नुहियांवाली के रूप में हुई। 47 वर्षिय मृतक दिलबाग सिंह अविवाहित था। बताया जाता है कि दिलबाग सिंह शराब पीने का आदि था। थाना ओढ़ा में कार्यरत हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह ने मृतक के पिता इमरत सिंह व भाई महावीर के ब्यान पर इत्तेफाकिया कारवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

### रामदेवरा में चांदनी दूज पर पहुंचे श्रद्धालु

**फतेहाबाद।** ज्येष्ठ माह की पावन चांदनी दूज के अवसर पर शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में श्रद्धालु पहुंचे। अलसुबह से ही मंदिर परिसर में बाबा के दर्शनों के लिए श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। भक्तों ने बाबा रामदेव के दरबार में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में नारियल, मिश्री और ध्वजा अर्पित कर बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा की। पूरा वातावरण गगनभेदी जयकारों से भक्तिमय हो उठा। इस दौरान भक्तजन ढोल-नगाड़ों की थाप पर बाबा की महिमा का गुणगान किया।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** स्वेट कमांडो टीम-1 व डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा गांव पीरांवाली में सघन चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान गांव पीरांवाली क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों व घरो की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान आरोपी रणजीत सिंह निवासी पीरांवाली के मकान से 16 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर आरोपी रणजीत को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच जारी है।

---

### नरवाना में पंचायत मंत्री के आवास पर पड़ाव डालने की चेतावनी

# बीडीपीओ कार्यालय पर ग्रामीण सफाई कर्मियों ने दिया धरना

**लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी**

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना



भूना। बीडीपीओ कार्यालय पर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

ग्रामीण सफाई कर्मचारी ब्लॉक भूना के बैनर तले आज भारी संख्या में ग्रामीण सफाई कर्मचारी खंड एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए और अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया, तो आगामी 24 और 25 मई को नरवाना में पंचायत मंत्री के आवास पर 24 घंटे का महापड़ाव डाला जाएगा। आज के इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान अनिल कुमार ने की, जबकि मंच का संचालन पवन सिंथला द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सीटू के जिला कन्वीनर ओम प्रकाश अनेजा और ब्लॉक प्रधान अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय हाईकोर्ट के आदेशानुसार सभी कच्चे कर्मचारियों को एक कलम से पक्का किया जाना चाहिए। जब तक कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता, तब तक उनका न्यूनतम वेतन 30 हजार किया जाए ताकि वे इस महंगाई के दौर में अपने परिवार को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं दे सकें। नेताओं ने गेहूं खरीदने के लिए समय पर वेतन भुगतान की भी मांग उठाई। कर्मचारियों ने सरकार के सामने अपनी मुख्य मांगें रखते हुए कहा कि सभी कच्चे सफाई कर्मचारियों को एक कलम से पक्का किया जाए और 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश को तुरंत लागू किया जाए। आबादी के अनुपात के हिसाब से प्रति 400 की आबादी पर एक कर्मचारी की नई स्थाई भर्ती की जाए ताकि स्वच्छ हरियाणा का निर्माण हो सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26 हजार और 27 हजार मासिक वेतन को तुरंत लागू करने तथा हर महीने की 7 तारीख तक मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई।

#### मिलकर लड़ाई लड़ने का किया ऐलान

दूसरी ओर फतेहाबाद में बीडीपीओ कार्यालय पर भीषण गर्मी की परवाह किए बिना 15 मई से हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के समर्थन में अब जिला फतेहाबाद के दोनों प्रमुख संगठन एकजुट हो गए हैं। फतेहाबाद ब्लॉक में ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन के कर्मचारी भी ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के धरने में शामिल हो गए हैं और मिलकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है।

---

# नीट पेपर लीक व पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



नीट पेपर लीक व पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने मंगलवार को फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पर धरना दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविन्द्र शर्मा के नेतृत्व में दिए गए धरने में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सरकार की नीतियों का विरोध किया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाने तथा पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी की बढ़ी हुई कीमतों को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई गई। जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल नीट परीक्षा का पेपर लीक होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं गंभीर मामला है। इस घटना ने लाखों विद्यार्थियों और उनके परिवारों के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में वृद्धि किए जाने से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। महंगाई पहले ही चरम पर है और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन, कृषि, उद्योग एवं रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान वर्ग इस बढ़ोतरी से सबसे अधिक प्रभावित हुआ हज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गई।

### श्री श्याम कृपा संघ का जमघट म्हारे श्याम का आयोजन 30 को

**सिरसा।** श्री श्याम कृपा संघ परिवार ट्रस्ट द्वारा 12वें विशाल जमघट म्हारे श्याम का आयोजन आगामी 30 मई को जनता भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम रात्रि 8.15 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा, जिसमें भव्य भजन संध्या, अखंड ज्योत, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, छप्पन भोग और श्री श्याम खजाना मुख्य आकर्षण रहेंगे। इस सिलसिले में शोभित सिंगला, गौतम, विपुल बंसल, लक्की गर्ग और दिनेश बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। कोलकाता से शुभम-रूपम, सिरसा से राजेश गोयल तथा म्यूजिकल ग्रुप के साथ नरेश पुनिया भक्तों को श्याम भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

### ओम प्रकाश साहू ने संभाला एसडीएम आईटीआई के प्रिंसिपल का कार्यभार



**फतेहाबाद।** गांव दरियापुर स्थित एसडीएम आईटीआई में आज नए प्रिंसिपल के रूप में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सूबेदार ओम प्रकाश साहू ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। आज के तकनीकी और कौशल विकास के दौर में, जहां सरकार युवाओं के हुनर को निखारने पर विशेष ध्यान दे रही है, संस्थान को उनके व्यापक अनुभव का बड़ा लाभ मिलेगा। नवनियुक्त प्रिंसिपल सूबेदार ओम प्रकाश साहू के पास भारतीय सेना की प्रतिष्ठित ईएमई कोर में 30 वर्षों का दीर्घकालिक अनुभव है। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद भी वे लगातार शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने आर्मी आईटीआई अंबाला कैंट, गुरु द्रोणा पॉलिटेक्निक और मां सरस्वती पॉलिटेक्निक कॉलेज में बतौर प्रिंसिपल अपनी सेवाएं दी हैं। तकनीकी और प्रशासनिक क्षेत्र में उन्हें 40 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। सेना की पृष्ठभूमि से आने के कारण नए प्रिंसिपल संस्थान में अनुशासन पर विशेष ध्यान देंगे।

---



सिरसा। भाई कन्हैया आश्रम का दौरा करते एसपी दीपक सहारण।

### एसपी ने भाई कन्हैया सेवा ट्रस्ट के कार्यों को सराहा

**सिरसा।** भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित भाई कन्हैया शिक्षा संस्थान व कन्हैया आश्रम का पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने मंगलवार को दौरा किया। इस दौरान उन्होंने भाई कन्हैया शिक्षा संस्थान में चल रही विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी ली। इस मौके पर आश्रम के मुख्य सेवादार गुरविंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक को सेवा कार्यों की जानकारी दी। एसपी दीपक सहारण ने आश्रम में हो रही सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि जरूरतमंद लोगों को सहायता और उन्हे उनका घर मिल सके। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई हम सभी की जिम्मेदारी है और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने सभी लोगों से समाज हित में मिलकर कार्य करने और युवाओं को नशे से दूर रखने का आह्वान किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर चर्चा

- नगराधीश ने लघु सचिवालय में अधिकारियों के साथ ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



सिरसा। अधिकारियों के बैठक लेते नगराधीश। *फोटो: हरिभूमि*

नगराधीश अजय कुमार ने कहा कि आगामी 21 जून को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पहले 15 जून को शहीद भगत सिंह स्टेडियम से मैराथन का आयोजन किया जाएगा तथा 20 जून को फाइनल रिहर्सल होगी। नगराधीश मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक डीएसपी आदर्शदीप सिह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. आशु शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, डीएफएससी हरवीर सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। नगराधीश ने कहा कि आयुष, पंचायती राज, परिवहन, पुलिस, खेल, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करें।

#### कार्यालय में करवाया जाएगा पंजीकरण

इसके साथ ही उपमंडल व खंड स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योग शिविर में भाग लेने के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सिरसा के कार्यालय में पंजीकरण करवाया जाएगा। विभागीय कर्मचारी व आमजन वहां अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।



सिरसा। पुस्तक का विमोचन करते हुए साहित्यकार। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रो. चावला को मिला डॉ. सुरेन्द्र वर्मा कला एवं साहित्य स्मृति पुरस्कार

**सिरसा।** हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा संचालित प्रादेशिक लघुकविता मंच के तत्वावधान व डॉ. सुरेंद्र वर्मा की स्मृति में स्थानीय श्री युवक साहित्य सदन मे अखिल भारतीय लघुकविता सम्मेलन-2026 का आयोजन हुआ, जिसके मुख्यातिथि डॉ. जयभगवान सिंगला थे। कार्यक्रम के प्रथम भाग में डॉ. सुरेंद्र वर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रो. रूप देवगुण, डीडी वर्मा, प्रदीप चतुर्वेदी तथा चांद वर्मा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. सुरेंद्र वर्मा के सुपुत्रों विक्रम सिंह व गजेंद्र वर्मा ने गजलों तथा अपने गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चंद्र किशोर ने भी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र वर्मा फाउंडेशन तथा वर्चुअल प्लेनेट प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से प्रो. हरभगवान चावला को डॉ. सुरेंद्र वर्मा कला एवं साहित्य स्मृति पुरस्कार-2026 प्रदान किया गया।

---

**350 युवाओं को मिला जॉब ऑफर**

# राजकीय आईटीआई भोडिया खेड़ा में मेगा रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद




फतेहाबाद। रोजगार मेले में चयनित युवाओं को ऑफर लेटर जारी करते कंपनी प्रतिनिधि।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोडिया खेड़ा में एक दिवसीय मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कंपनी स्वराज महिन्द्रा एंड महिन्द्रा, मोहाली के प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से शिरकत की और आईटीआई के अपीयरिंग व पास आउट हो चुके छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस रोजगार मेले में कुल 1040 छात्रों ने अपना पंजीकरण करवाया। इनमें से 530 छात्र साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हुए। कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा इंटरव्यू और मूल्यांकन के बाद कुल 350 योग्य छात्रों का चयन किया गया और उन्हें मौके पर ही जॉब ऑफर लेटर जारी किए गए। चयनित छात्रों को कंपनी की ओर से 17000 रुपये प्रति माह वेतन के साथ-साथ अन्य जरूरी सुविधाएं भी दी जाएंगी। संस्थान के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने चयनित हुए सभी छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संस्थान आगे भी युवाओं को रोजगार के ऐसे बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### 2014 की पॉलिसी के तहत अतिथि अध्यापकों को तुरंत नियमित करने की मांग

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने सरकार से मांग की है कि 2014 की नियमितीकरण पॉलिसी के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि अध्यापकों को बिना किसी देरी के पक्का किया जाए। संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा और सर्व कर्मचारी संघ के राज्य महासचिव कृष्ण कुमार नैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने यह मांग उठाई। अध्यापक नेताओं ने बताया कि 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2014 की नियमितीकरण नीतियों को वैध करार दिया था। इसके बाद, 29 अप्रैल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अतिथि अध्यापकों को नियमित करने के पक्ष में आदेश जारी करते हुए चार सप्ताह के भीतर पात्र अध्यापकों से आवेदन मांगे हैं।

# पेयजल पाइपलाइन कार्य का शुभारंभ

- डबवाली भाजपा अध्यक्ष ने नारियल फोड़कर किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭कालांवाली



सिरसा। पेयजल पाइपलाइन कार्य का शुभारंभ करते हुए जिलाध्यक्ष रेणू शर्मा।

डबवाली भाजपा अध्यक्ष रेणु शर्मा ने कालांवाली में प्रदेश सरकार द्वारा अमृत योजना 2.0 के तहत करवाए जा रहे 3130.50 लाख रुपए के वाटर पाइप लाईन कार्य का विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। इस मौके पर राजेंद्र देसुजोधा, चेयरमैन सतपाल शर्मा, मार्केट कमेटी के पूर्व सचिव सरदार मेजर सिंह, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश बाजपेयी, मंडल महामंत्री महेश आजाद, पूर्ण नागर, महिला मंडल प्रधान वीणा माहेश्वरी, पार्षद हरविंदर सिंह, मेजर चकेरियां, गुरविंदर चकेरियां, सोमी गदराना, ज्योति सरां, सुभाष ठाकुर, सुखदीप गिल, बीर सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी स मानित कार्यकर्ता, जेई पब्लिक हैल्थ नरेंद्र और ठेकेदार मौजूद थे। जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने कहा कि सरकार मूलभूत सुविधाओं को लेकर लगातार धरातल पर काम कर रही है। इस पाइप लाइन से कालांवाली के बाशिंदों को स्वच्छ पेयजल मुहैया होगा और उनकी वर्षों पुरानी पेयजल की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि गांवों में पेयजल संकट न रहे, इसके लिए गांवों में नई पाइप लाइन डालने के साथ-साथ जलघरों की स्टोरेज क्षमता को बढ़ाने का भी काम किया जा रहा है।

---

### बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अभिलाषा मुदाई का चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल

# सनियाना की अभिलाषा का राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में चयन, हरियाणा टीम से किया था शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना



भूना। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित अंडर-15 राष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी अभिलाषा अपने

निकटवर्ती गांव सनियाना की एक बेटी ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित अंडर-15 राष्ट्रीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा महिला क्रिकेट टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। अभिलाषा पिछले करीब चार वर्षों से बाबा द्रोणगिरी क्रिकेट अकादमी में कोच मंदीप सिंह के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही हैं। लगातार मेहनत और बेहतर खेल के दम पर उनका चयन देश की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। 2 जनवरी से 17 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अभिलाषा ने हरियाणा की ओर से कुल छह मुकाबले खेले और गेंदबाजी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पुदुच्चेरी के खिलाफ 6 ओवर में 19 रन दिए। छत्तीसगढ़ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 5.3 ओवर में 20 रन देकर 6 विकेट झटके। चंडीगढ़ के खिलाफ 7 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट लिए। मुंबई के खिलाफ 7 ओवर में 15 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए।

#### अन्य खिलाड़ियों के लिए बनेंगी प्रेरणा

अभिलाषा के पिता राकेश कुमार ने बताया कि बेटी बचपन से ही क्रिकेट के प्रति समर्पित रही है। उसकी मेहनत का परिणाम आज पूरे परिवार और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अभिलाषा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, कोच मंदीप सिंह तथा फतेहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नरेश कुलड़िया को दिया। नरेश कुलड़िया ने कहा कि अभिलाषा ने जिले का नाम रोशन किया है और उसकी उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।



### डीएवी पुलिस स्कूल फतेहाबाद की एनसीसी कैडेट्स ने सीखी शूटिंग की बारीकियां

**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद की एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स ने हाल ही में बेस्ट शूटर शूटिंग अकादमी का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहां उन्होंने शूटिंग से जुड़ी विभिन्न महत्त्वपूर्ण कौशल सीखे। एनसीसी कैडेट्स ने वहां शूटिंग का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया। अकादमी में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अकादमी के कोच अनिल खरबाश ने छात्राओं को शूटिंग की बेसिक स्किल्स, सही निशाना लगाने की तकनीक तथा शूटिंग के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शूटिंग से एकाग्रता, आत्मविश्वास और अनुशासन का विकास होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता सिंह ने एनसीसी कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत और लगन से आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

**सिरसा।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है।

### सेना के कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथियां घोषित

**सिरसा।** सेना भर्ती कार्यालय, हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए आयोजित होने वाली कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 2025-26 की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। यह परीक्षा 1 जून से 12 जून 2026 के बीच देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 15 मई 2026 को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### सेना भर्ती के लिए एंट्रेंस एग्जाम की तिथियां घोषित

**फतेहाबाद।** भारतीय सेना में भर्ती के लिए आयोजित होने वाली कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। यह परीक्षा 1 जून से 12 जून के बीच देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। इस बारे जानकारी देते हुए सेना भर्ती प्रवक्ता ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 15 मई 2026 को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उम्मीदवार अपने एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### लिंगानुपात में जिले को सिरमौर बनाने के लिए करें सहयोग

**सिरसा।** गांव पनिहारी में पीएनडीटी सैल के तत्वावधान में लगातार घट रहे लिंगानुपात में सुधार के लिए मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग की अध्यक्षता डा. सूर्या ने की। इस मीटिंग में आयुष मेडिकल ऑफिसर, एलएचवी, गांव के सरपंच, पंचायत मैंबर, आरएमपी डॉक्टर, एएनसी, सभी आंगनवाड़ी वर्कर्स तथा महिलाओं ने भाग लिया। मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने लिंगानुपात में सुधार के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि कभी लिंगानुपात में सिरमौर रहने वाला सिरसा आज लिंगानुपात में लगातार पिछड़ता जा रहा है।

### भाविप ने लगाई ठंडे मीठे जलजीरे की छबील

**रतिया।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया की सेवा टोली द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए मंगलवार को ठंडे मीठे जल जीरे की छबील लगाई गई। यह सेवा कार्य वरुण जिंदल पुत्र विनोद जैन, पूर्व शाखा अध्यक्ष के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष राज कुमार सिंगला, गतिविधि संयोजक जनक राज गोयल, पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन, सेवा टोली के युवा सदस्य डॉ. दीपक गोयल, विनोद गर्ग निक्कू तथा मां की रसोई के प्रबंधक वरिंदर राजू ने सेवा कार्य में सहयोग दिया।

## 55 लाख लागत की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# गांवों में शिक्षा व स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राज्य और केन्द्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि गांवों के बच्चों और आम जनमानस को भी शहरों जैसी आधुनिक शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य सुविधाएं अपने गांव में ही उपलब्ध हों, ताकि ग्रामीण अंचल आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बन सके। यह बात राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मंगलवार को पंचायत फंड स्कीम के अंतर्गत गांव जांडली कलां और लहरिया में लगभग 55 लाख रुपए लागत की विभिन्न जनहितकारी विकास परियोजनाओं के उद्घाटन अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गांव जांडली कलां में लगभग 47 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित आधुनिक पार्क एवं पक्की गली का लोकार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने गांव लहरिया में लगभग 8 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई आधुनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी और वहां आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार ग्रामीण अंचल को सशक्त बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गांवों में शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, पक्की सडक़ों तथा आधुनिक संसाधनों के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य गांवों का चहुंमुखी विकास करना है, ताकि हमारे ग्रामीण युवाओं को आगे बढऩे के लिए शहरों की तरफ रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गांव जांडली कलां में नवनिर्मित आधुनिक पार्क बनने से बच्चों, युवाओं, महिलाओं तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य और जीवनशैली में बड़ा सकारात्मक बदलाव आएगा। अब ग्रामीणों को सुबह-शाम की सैर और व्यायाम के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिल सकेगा। यह पार्क गांव के पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीणों के सामाजिक जुड़ाव को भी अधिक सुगम बनाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही नवनिर्मित पक्की गली के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।



भूना। विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

### समस्याओं से लोगों को मिलेगी राहत

बरसात के दिनों में जलभराव और कीचड़ जैसी पुरानी समस्याओं से हमेशा के लिए निजात मिलेगी तथा गांव के अंदर से आने-जाने वालों के लिए रास्ता अधिक सुरक्षित, साफ-सुथरा और सुगम बनेगा। राज्यसभा सांसद ने कहा कि गांव लहरिया में नवनिर्मित आधुनिक लाइब्रेरी के खुलने से गांव के विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाई के लिए एक बेहतरीन और शांत माहौल मिलेगा। युवाओं को उच्च शिक्षा, विभिन्न सरकारी नौकरियों की तैयारी और ज्ञानवर्धन के लिए बार-बार दूर शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि अधिकांश पठन-पाठन सामग्री उन्हें गांव स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर हरकोफेड के चेयरमेन वेद फूला, बीडीपीओ सुशील कुमार, गांव जांडली कलां की सरपंच शीला भैरो, गांव लहरिया की सरपंच अरुणा नेहरा, विजय कमांडो, पूर्व सरपंच भलेराम, कृष्ण नैन, सुनील प्रधान, रमेश कामरेड, राजेन्द्र बाल्मीकि, हरिकृष्ण जांगड़ा, रामफल भैरो, रामचंद्र जागलान, बसाऊ राम भैरो, ईश्वर प्रधान, सुरेन्द्र भैरो, रमेश कुमार, चन्द्रलाल सोनी, कर्ण सिंह श्योकंद, जग्गा कुलड़िया आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक पाठशाला ढिंगसरा को ग्राम पंचायत ने भेंट किए 6 कूलर

- भीषण गर्मी से मिलेगी नन्हे बच्चों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच छोटे बच्चों को राहत देने के लिए ग्राम पंचायत ढिंगसरा ने एक सराहनीय कदम उठाया है। आज राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला ढिंगसरा में सरपंच सुभाष चंद्र मूंड ने ग्राम पंचायत की तरफ से स्कूल को 6 कूलर भेंट किए, ताकि इस भीषण गर्मी के मौसम में छोटी-छोटी छात्राओं को लू और तपिश से बचाया जा सके और वे आराम से अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य रमेश कुमार ने सरपंच सुभाष चंद्र मूंड और पूरी ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंचायत के इस सहयोग से स्कूल के कमरों में बच्चों को काफी राहत मिलेगी। कूलर भेंट करने के बाद ग्रामीणों और स्टाफ को संबोधित करते हुए सरपंच सुभाष चंद्र मूंड ने कहा कि शिक्षा और बच्चों का स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारी पंचायत विद्यालय की हर जरूरत को समय पर पूरा करने के लिए हमेशा प्रयासरत है।



फतेहाबाद। प्राथमिक पाठशाला ढिंगसरा में कूलर भेंट करते ग्राम पंचायत सदस्य।

### आरोही मॉडल स्कूल जल्लोपुर में मेधावियों को किया सम्मानित

**रतिया।** आरोही मॉडल स्कूल जल्लोपुर में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी व स्कूल के प्रिंसिपल शशिप्रकाश, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर व स्कूल स्टाफ द्वारा फूलों की माला, मेडल व शील्ड प्रदान कर इन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी शशिप्रकाश ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। स्कूल इंचार्ज अंशुल सिंगला ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

# धमकी भरी कॉल से बचाता है 'अभेद्य एप': एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस द्वारा विकसित किए गए 'अभेद्य एप' साइबर क्राइम मामले में एक ऐसा सुरक्षा कवच बनकर सामने आया है, जिसकी गूंज देशभर में सुनाई पड़ रही है। मोबाइल में इस एप को डाऊनलोड करने के बाद न तो अनजान लोगों की धमकी भरी कॉल आती है और न ही डिजिटल अरेस्ट जैसे वारदातें ही घटित होती है। एप संदिग्ध कॉल को निरस्त कर देता है। जिन लोगों को अपराधियों, गैंगस्टर से फिरौती की कॉल आती है अथवा धमकी भरे संदेश आते है, पुलिस द्वारा उन लोगों को इस एप को डाऊनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाता है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने सिरसा जिले के सभी पर्यवेक्षक अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में धमकी भरी कॉल्स से परेशान पीड़ित लोगों को 'अभेद्य' ऐप डाउनलोड करवाए। उन्होंने कहा कि यह ऐप विशेष रूप से उन लोगों की सुरक्षा के लिए तैयार किया गया है जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय या संदिग्ध नंबरों से धमकी भरे कॉल, मैसेज अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से परेशान किया जा रहा है। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि 'अभेद्य' ऐप ओटीपी आधारित प्रणाली पर कार्य करता है और इसे केवल उन्हीं लोगों को डाउनलोड करवाया जाए जिन्हें वास्तव में धमकी भरी कॉल्स प्राप्त हो रही हैं।

# जमीन खरीदने पर व्यक्ति की पिटाई

- खेत की बुवाई करके घर लौट रहा, रास्ते में ट्रैक्टर से उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव भूथनकलां में जमीन खरीदने की रंजिश में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। सदर थाना पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में दो-दो सगे भाईयों समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन पांचों ने लाठियों से पिटाई की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भूथन कलां निवासी मान सिंह ने बताया कि, मैंने दिसंबर 2025 में गांव आकावाली निवासी सतबीर से भूथन कलां में मुस्तरका खाता की सात एकड़ जमीन खरीदी थी। 17 मई को खेत की बुवाई करके वापस अपने घर पर आ रहा था। उसी समय दो बाइकों पर सवार होकर धर्मवीर, हंसराज, उसका भाई कुलदीप, अशोक कुमार व उसका भाई मनोज कुमार आए। मान सिंह ने बताया कि उनके पास लाठियां व तलवार थी। उन्होंने मेरा रास्ता रोक लिया। मैं ट्रैक्टर से नीचे उतरकर आया तो सभी ने मेरे साथ झगड़ा किया।

### खेत जुताई पर जानलेवा हमला

सभी ने कहा कि तुम जमीन में जुताई के लिए घुस कैसे गए। मैंने कहा कि मैंने यह जमीन सतबीर सिंह से खरीदी है। इतना कहते ही धर्मवीर ने अपने हाथ में ली हुई लाठी मारी। कुलदीप, अशोक कुमार, विनोद कुमार ने अपने हाथों में ली हुई लाठियों से पिटाई शुरू कर दी। हंसराज ने अपने हाथ में ली हुई तलवार लहराते हुए कहा कि दोबारा से खेत में घुसा तो तलवार से काट दूंगा। मैंने शोर किया तो सभी वहां से चले गए तथा जाते-जाते सभी मुझे धमकी देकर गए कि दोबारा से खेत में जुताई की तो हम तुम्हें जान से मार देंगे। मान सिंह ने बताया कि किसी राहगीर ने मदद के लिए 112 नंबर डायल किया। उसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। डायल 112 गाड़ी में उसे भूना के सीएचसी में दाखिल करवाया गया। वहां से डॉक्टर ने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मान सिंह ने पुलिस को बताया कि धर्मवीर, हंसराज, कुलदीप, अशोक कुमार व मनोज कुमार ने बिना वजह मेरा रास्ता रोक कर सतबीर सिंह से 7 एकड़ जमीन खरीदने की रंजिश रखते हुए मुझे चोटें मारी है तथा जान से मारने की धमकी दी है। इसके बाद पुलिस ने उसकी शिकायत इन पांचों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शादी तय कर दहेज में कार-बाइक मांगने व मुकरने वाला दूल्हा पुलिस की गिरफ्त में

- दहेज निषेध अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शादी तय होने और रस्म पूरी होने के बाद दहेज में गाड़ी की मांग करने और शादी से इनकार करने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील पुत्र रामचंद्र निवासी आदमपुर, जिला हिसार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि एक पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दहेज निषेध अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। शिकायत के अनुसार, पीड़िता की शादी 1 दिसंबर 2025 को सुनील के साथ तय हुई थी और अक्टूबर में टीका रस्म के दौरान लाखों के सोने-चांदी के आभूषण व अन्य सामान भी दिया गया था। आरोप है कि बाद में लडक़े वालों ने अचानक कार और मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उन्होंने न सिर्फ शादी तोड़ दी, बल्कि लडक़ी पक्ष को बदनाम करने और जान से मारने की धमकी भी दी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी गहनता से जांच कर रही है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया युवक।

### 10 आपराधिक मामलों का आदतन चोर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में सफलता हासिल करते हुए भिवानी के गांव राजपुरा खरकड़ी निवासी विकास पुत्र कृष्ण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी एक शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# नाबालिग अपहरण मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने जिला क्षेत्र में एक नाबालिग युवती का अपहरण करने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी को पंजाब गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के जिला संगरूर निवासी जगसीर के रूप में हुई है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि सिरसा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि वह दिहाड़ी-मजदूरी का कार्य करता है और घटना के दिन दोपहर के समय घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान उसकी भाभी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर रानियां में दवाई दिलाने के बहाने घर से लेकर चली गई। पीड़ित परिवार ने लडक़ी की रिश्तेदारियों व अन्य जगहों पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत के आधार पर थाना सदर सिरसा में महिला आरोपी व उसके प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जगसीर सिंह पंजाब क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में महिला आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है। फिलहाल मामले की जांच जारी है तथा गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

# एसडीएम ने घग्घर तटबंधों का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार ने मंगलवार को बाढ़ बचाव प्रबंधों की तैयारियों के तहत गांव मल्लेवाला, मत्तड़ बुढाभाणा के समीप घग्गर नदी के तटबंधों व लिंक चैनल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उनके साथ सिंचाई विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

एसडीएम राजेंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कमजोर तटबंधों पर विशेष ध्यान दें और समय रहते तटबंधों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम से पहले ही सभी बाढ़ से बचाव तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी संभावित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। एसडीएम ने कहा कि जहां-जहां कटाव की अधिक संभावना है, वहां मिट्टी डालकर तटबंधों को मजबूत किया जाए। इसके अलावा पुलों के आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि पानी का बहाव सुचारू रूप से हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेंद्र कुमार ने नदी के साथ लगते गांवों के किसानों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए।



सिरसा। घग्घर तटबंधों का निरीक्षण करते एसडीएम।

# नवाचार के लिए जल्द शुरू होगी स्टंबल लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

स्टंबल लैब की कैथल जिले में सफलता एवं प्रभावशीलता को देखते हुए अब इसे सिरसा सहित अन्य जिलों में भी लागू किया जाएगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों में अनुभवात्मक सीखना, महत्वपूर्ण सोच, नवाचार, संचार कौशल तथा सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी।

जिला स्तर पर इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार, जिला विज्ञान विशेषज्ञ नियुक्त किए गए हैं। वहीं विभिन्न खंडों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को खंड स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस पहल के अंतर्गत विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए अनुमान गतिविधियां, रचनात्मक सोच के कार्य, समस्या हल करने की गतिविधियां, समूह चर्चा, तार्किक सोच के अभ्यास, जिज्ञासा आधारित शिक्षा, भूमिका निभाना, विज्ञान मॉडल निर्माण, मंथन तथा मानसिक कौशल विकास जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विशेष रूप से विद्यार्थियों में असफलता के डर को समाप्त करने पर बल दिया जाएगा, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ सीखने की प्रक्रिया में भाग ले सकें। प्रत्येक गतिविधि के बाद प्रतिबिंब सत्र भी आयोजित होंगे, जिनमें विद्यार्थी अपने अनुभव सांझा करेंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस 2026 मिशन के तहत पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई तथा बेस्ट प्रैक्टिस के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस 2026 मिशन लाइफ के तहत पक्षियों के लिए सकोरा एवं घोंसला अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि प्रकृति और मानव जीवन का गहरा संबंध है। पक्षियों का संरक्षण करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। इस दौरान स्वयंसेवकों तथा शिक्षकगण ने कॉलेज परिसर में पेड़ों पर पक्षियों के लिए घोंसले लगाए तथा गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सकोरा स्थापित किया ताकि पक्षियों को पानी एवं सुरक्षित आश्रय उपलब्ध हो सके। प्रेमलता तथा मीनू वर्मा ने सभी से अपील की कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करें ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत मिल सके।



सिरसा। कॉलेज में पक्षियों के लिए सकोरा एवं घोंसला अभियान का आयोजन

## कर्मचारियों व शिक्षकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया

# पीटीआई, डीपीई को दिया कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए गए। सिरसा ब्लॉक में भगत सिंह स्टेडियम मे आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्रपाल नागर ने शिक्षा विभाग के पीटीआई, डीपीई, आयुष विभाग के कर्मचारियों एवं प्रवक्ताओं को योग प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत प्रार्थना से की गई। इसके पश्चात यौगिक सूक्ष्म क्रियाओं में ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन एवं घुटना संचालन का अभ्यास करवाया गया। योगासनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन एवं त्रिकोणासन का अभ्यास कराया गया। बैठकर किए जाने वाले अभ्यासों में भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन एवं वक्रासन शामिल रहे। वहीं पेट के बल किए जाने वाले अभ्यासों में मकरासन, भुजंगासन एवं शलभासन तथा पीठ के बल किए जाने वाले अभ्यासों में सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन एवं शवासन का अभ्यास कराया गया।



सिरसा। शहीद भगत सिंह स्टेडियम में योगा क्रियाएं करते हुए।

### स्कूलों में योग बढ़ाने पर दिया जोर

प्राणायाम सत्र में कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाने के पश्चात ध्यान एवं शांति पाठ के साथ प्रथम दिवस के योग सत्र का समापन किया गया। इस अवसर पर आयुष योग सहायक पंकज कुमार एवं पूनम ने योग अभ्यासों का क्रियात्मक प्रदर्शन किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने शिक्षा विभाग से आए सभी पीटीआई, डीपीई, आयुष विभाग के कर्मचारियों एवं प्रवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य शिक्षा विभाग के पीटीआई एवं डीपीई को योग की बारीकियों तथा कॉमन योग प्रोटोकॉल से अवगत कराना है, ताकि वे स्कूलों में बच्चों को सही एवं व्यवस्थित तरीके से योगाभ्यास करवा सकें तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा सके।

# पश्चिमी गर्म हवाएं चलने से अभी और होगी तापमान में बढ़ोतरी, 23 तक लू का अलर्ट

## अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या 43% बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गर्मी के कारण सुनसान पड़ा शहर का लाल बत्ती चौक।

फतेहाबाद जिले में मई के दूसरे पखवाड़े के साथ गर्मी ने अपने तेवर और अधिक कड़े कर दिए हैं। पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह की शुरुआत के साथ ही तापमान लगातार बढ़ने लगा है और आने वाले दिनों में राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मंगलवार को जिले में दिनभर पश्चिमी दिशा से आने वाली शुष्क और गर्म हवाएं चलती रहीं, जिससे शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के बावजूद दोपहर में गर्मी का असर कम नहीं हुआ। बाजारों में खरीदारी करने वाले लोग, पैदल राहगीर, मजदूर वर्ग और स्कूल से लौटने वाले बच्चे तपिश से परेशान दिखाई दिए। मौसम विभाग ने 23 मई तक फतेहाबाद सहित प्रदेश के कई जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग ने भी नागरिकों को सतर्क रहने, अधिक पानी पीने और दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में फिलहाल मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहेगा। अगले कई दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है, जिससे गर्मी का असर लगातार बढ़ेगा। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन बढ़ने के साथ गर्म हवाओं का प्रभाव तेज हो गया और शाम तक लू जैसे हालात बने रहे।

### बढ़ती गर्मी का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर, मरीजों की संख्या बढ़ी

बढ़ती गर्मी का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। सामान्य अस्पताल फतेहाबाद में पिछले दो दिनों से मरीजों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सामान्य दिनों में जहां ओपीडी में करीब 700 मरीज पहुंचते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर लगभग 1000 तक पहुंच गई है। यह करीब 43 प्रतिशत की वृद्धि है।

### बिजली-पानी की डिमांड बढ़ी

विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी बढ़ने के साथ बिजली और पानी की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। शहर में कूलर, एसी और पंखों का उपयोग बढ़ने से बिजली खपत में इजाफा होगा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की जरूरत भी अधिक महसूस की जाएगी। प्रशासन ने संबंधित विभागों को आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को परेशानी न हो। मौसम विभाग के अनुसार लू लगने पर चक्कर आना, सिर दर्द, उल्टी, अत्यधिक कमजोरी, तेज बुखार और बेहोशी जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर आराम कराना चाहिए और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए। डॉक्टरों ने लोगों को बाहर निकलते समय सिर ढकने, छाता उपयोग करने और पानी की बोतल साथ रखने की सलाह दी है।

### फिलहाल बारिश की संभावना नहीं

आने वाले दिनों में पश्चिमी दिशा से आने वाली शुष्क और गर्म हवाओं के चलते तापमान में लगातार बढ़ोतरी होगी। फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है, इसलिए गर्मी से राहत की उम्मीद कम है। - **डॉ. मदन खीचड़**, एचएयू मौसम विशेषज्ञ, हिसार

### भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए सावधानी बरतें नागरिक

**सिरसा।** जिले में तेज गर्मी और हीट वेव के दृष्टिगत आमजन इस मौसम में आवश्यक सावधानियां बरतें और गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का खास ध्यान रखा जाए, क्योंकि हीट वेव के कारण शरीर पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है और कई बार यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। इसलिए समय रहते सतर्क रहना और बचाव के उपाय अपनाना अत्यंत आवश्यक है। जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नागरिक दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। अत्यधिक तापमान की स्थिति में भारी श्रम वाले कार्यों से बचें। शरीर में पानी की कमी करने वाले पेय जैसे चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेयों का सेवन सीमित करें तथा बासी व अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से परहेज करें।

**यह बरतें सावधानी :** जिला राजस्व अधिकारी ने बताया कि नागरिक यथासंभव घर के अंदर रहें और मौसम से संबंधित जानकारी के लिए रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्रों का सहारा लें। प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। हल्के रंग के ढीले एवं सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय सिर और चेहरे को ढकें तथा चश्मा, छाता, टोपी या दुपट्टे का प्रयोग करें। ,

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क ईएनटी मेडिकल कैंप 24 मई को

**फतेहाबाद।** सर्व श्री वैष्णों भजन मण्डल फतेहाबाद की ओर से सारथी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के सहयोग से 24 मई, रविवार को निःशुल्क मेडिकल ईएनटी कैंप लगाया जाएगा। शिविर का आयोजन थाना रोड स्थित गली राम स्वरूप पकौड़े वाली में सर्व श्री वैष्णों भजन मण्डल कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज की अध्यक्षता व मार्गदर्शन रहेगा, जबकि महंत हरबंस लाल बंसी का शुभ आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### श्री सनातन धर्म मंदिर का वार्षिक महोत्सव 24 से

**फतेहाबाद।** श्री सनातन धर्म मन्दिर मोहल्ला रामनिवास में 24 से 26 मई तक वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 24 और 25 मई को सांय 3:30 बजे से 6:30 बजे तक सत्संग होगा। वहीं 26 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सत्संग आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1:15 बजे भंडारे का आयोजन रखा गया है। महोत्सव में स्वामी सुकीर्ति भारती महाराज आशीर्वचन देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री श्री 108 स्वामी गोपालानन्द जी करेंगे।

### नशीली गोलियों के साथ तस्कर को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बस अड्डा चौकी फतेहाबाद पुलिस को एक सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रोफेसर कॉलोनी निवासी साहिल पुत्र वीरेंद्र कुमार को कॉमर्शियल मात्रा में नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी पीएसआई सुमित ने बताया कि पुलिस टीम पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र में गश्त पर थी, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि आरोपी भट्टू रोड स्थित लाइफ केयर अस्पताल की पार्किंग में नशीली गोलियां बेचने की फिराक में खड़ा है।

### खेतों की मोटरों से तार चुराने वाले दो चोर पकड़े

**फतेहाबाद।** खेतों में लगी बिजली की मोटरों से कीमती तांबे के तार चोरी करने वाले गिरोह पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हमजापुर निवासी दिलराज सिंह उर्फ बग्गा और विजय पाल सिंह उर्फ विजय के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### प्रदीप दौलतपुरिया बने बजरंग दल हिन्दुस्तान के फतेहाबाद जिलाध्यक्ष

**फतेहाबाद।** बजरंग दल हिन्दुस्तान द्वारा डबवाली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान समारोह में संगठन का विस्तार करते हुए फतेहाबाद के गांव दौलतपुर के रहने वाले प्रदीप कुमार दौलतपुरिया को बजरंग दल हिंदुस्तान का फतेहाबाद जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए शीर्ष नेतृत्व ने कहा कि वह क्षेत्र में गो-रक्षा और सनातन धर्म का प्रचार करने तथा लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रवि बिश्नोई ने शिरकत की।

## फिरोजाबाद श्मशान घाट का मामला

# घटिया निर्माण और अवैध पेड़ उखाड़ने की जांच ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

गांव फिरोजाबाद के श्मशान घाट की चारदीवारी निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और अवैध रूप से हरे पेड़ उखाड़े जाने का मामला प्रशासनिक जांच में सही साबित होने के बावजूद डेढ़ साल बाद भी कार्रवाई के अभाव में ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। गंभीर बात यह सामने आई है कि उपायुक्त ने स्वयं 28 जनवरी 2025 को रानियां के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) को पत्र लिखकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन जिला के सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी के आदेशों का भी आज तक पालन नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि अधिकारियों ने मौके पर स्वयं दो नंबर की ईंटें पकड़ीं, निर्माण कार्य रुकवाया, दीवार दोबारा बनाने के आदेश दिए, सात हरे वृक्ष उखाड़े जाने की पुष्टि हुई और संबंधित एजेंसी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई, लेकिन इसके बावजूद आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी, ठेकेदार या एजेंसी पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

### निर्माण में गड़बड़ी

मामले का सबसे गंभीर पहलू यह रहा कि शिकायत आने से पहले ही विभागीय अधिकारियों ने निर्माण में गड़बड़ी पकड़ ली थी। एसडीओ ने 23 अक्टूबर 2024 को पत्र जारी कर संबंधित एजेंसी को स्पष्ट चेतावनी दी थी कि निर्माण में निम्न स्तर की ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है जो गंभीर अनियमितता है। पत्र में चारदीवारी को तुरंत उखाड़कर उच्च गुणवत्ता की ईंटों से दोबारा निर्माण करने के निर्देश दिए गए थे।

### एसडीओ का बयान

एसडीओ ने अपने बयान में साफ कहा था कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ है और संबंधित एजेंसी को चेतावनी दी जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया था कि 6 नवंबर 2024 को सभी पक्षों की मौजूदगी में निर्माण सामग्री के सैंपल लेकर एनआईटी सिविल इंजीनियरिंग विभाग, कुरुक्षेत्र लैब में गुणवत्ता जांच के लिए भेजे गए थे। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब जांच में शिकायत सही साबित हो चुकी, मौके पर घटिया सामग्री पकड़ी जा चुकी, एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए जा चुके और विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा भी हो चुकी, तो फिर इतने लंबे समय बाद भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### उपायुक्त ने बीडीपीओ को जारी किए आदेश

ग्रामीण महेंद्र पाल, सुनील कुमार, सतीश कुमार, पवन कुमार और भजनलाल ने जिला उपायुक्त को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि गांव फिरोजाबाद के श्मशान घाट की चारदीवारी निर्माण में बेहद घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है तथा निर्माण के दौरान अवैध रूप से बड़े हरे वृक्ष उखाड़ दिए गए। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला उपायुक्त ने 29 अक्टूबर 2024 को पत्र जारी कर रानियां के बीडीपीओ को जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद 5 नवंबर 2024 को अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर भौतिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान शिकायतकर्ता, संबंधित एजेंसी, गांव के सरपंच, ग्राम सचिव तथा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण में शिकायत सही पाई गई और अधिकारियों ने मौके पर ही निर्माण कार्य बंद करवाने के निर्देश दिए। साथ ही निम्न स्तर की ईंटें हटाकर चारदीवारी को उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से दोबारा बनाने के आदेश भी जारी किए गए।

## कभी बाढ़ तो कभी सेम के चलते सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी ने लील लिया नरमा

# 'काटन बेल्ट' का नरमा 1.50 लाख से घटकर 26 हजार एकड़ पर सिमटा

- खेती आर्थिक रूप से घाटे का सौदा बन गई

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। नमी से खराब हुई नरमे की फसल। (फाइल फोटो) फोटो : हरिभूमि

कभी प्रदेश में 'काटन बेल्ट' के नाम से विख्यात फतेहाबाद अब कपास के मानचित्र पर लगातार पिछड़ता जा रहा है। करीब दो दशक पूर्व दूर-दूर तक सफेद फूलों से लदे कपास के खेत इस जिले की शान हुआ करते थे, लेकिन आज वही तस्वीर बदल चुकी है। जो फसल कभी एक लाख 50 हजार एकड़ में लहलहाती थी, अब यह रकबा सिमटते-सिमटते मात्र 26 हजार एकड़ रह गया है। कृषि विशेषज्ञों की माने तो यह सिलसिला यहीं थमने वाला नहीं। कृषि विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अगर हालात नहीं बदले तो आने वाले कुछ वर्षों में फतेहाबाद से कपास की खेती पूरी तरह गायब हो सकती है।आंकड़े खुद बोलते हैं। दो दशक पहले जिले में करीब 1.50 हजार एकड़ में कपास की बिजाई होती थी। वर्ष 2021 तक आते-आते यह रकबा 60 हजार एकड़ रह गया। वर्ष 2024 में 40 हजार पहुंच गया लेकिन 2025 में थोड़े रेट बढ़े तो नरमा उत्पादक किसानों के जैसे सांस आई हो। तब यह रकबा बढ़कर 85 हजार एकड़ तक आ गया लेकिन कपास के प्रतिकूल क्लाइमेट, बाढ़ व सेम के अलावा अत्याधिक नमी के कारण नरमे की फसल को सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी के प्रकोप से किसानों के अरमान फिर जमीन पर आ गिरे। इस साल हालात यह है कि नरमे का रकबा गिरकर मात्र 26 हजार एकड़ पर रह गया है। इसमें भी देसी कपास व बीटी कॉटन नरमा शामिल हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह कोई सामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि एक पूरी फसल के अस्तित्व पर मंडराता संकट है। किसानों का दर्द सुनें तो एक ही बात सामने आती है, कपास की खेती में लागत इतनी बढ़ गई है। और मुनाफा इतना कम हो गया है कि अब इसे उगाना घाटे का सौदा बन गया है।

### मिट्टी की उर्वरता हो रही खत्म, सबसे बड़ा खतरा

कपास की घटती खेती के पीछे सबसे गंभीर कारण है मिट्टी की लगातार कमजोर होती उर्वरा शक्ति। दशकों से एक ही प्रकार की खेती करने से जमीन की ताकत चुकती जा रही है। मिट्टी में नाइट्रोजन, जिंक, बोरॉन और सल्फर जैसे जरूरी पोषक तत्वों की भारी कमी हो गई है। इसके साथ ही भूमिगत पानी की गुणवत्ता भी लगातार खराब होती जा रही है, जो फसल की जड़ों तक पोषण पहुंचाने में बाधक बन रही है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति आगे चलकर और भयावह हो सकती है। फसली चक्र न अपनाने से मिट्टी की सेहत सुधरने की बजाय और बिगड़ती जा रही है। कई बार खेतों में कपास के पौधे अच्छे दिखते हैं, लेकिन अचानक सूखने लगते हैं, यह मिट्टी की भीतरी कमजोरी का सबसे बड़ा संकेत है।

### बढ़ती लागत और घटता मुनाफा

कपास की खेती छोड़ने की एक बड़ी वजह है बेतहाशा बढ़ती लागत। बिजाई से लेकर निनाण और चुगाई तक हर काम में खर्च कई गुना बढ़ चुका है। महंगी होती मजदूरी ने किसान की कमर तोड़ दी है। पहले जो काम कम लागत में हो जाता था, वही अब भारी खर्च मांगता है। गोबर खाद और जैविक खादों की बढ़ती कीमतों ने भी किसान की जेब पर असर डाला है। दूसरी ओर भाव की बात करें तो पांच साल में समर्थन मूल्य में मात्र 600 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो लागत के मुकाबले ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। वर्ष 2021 में कपास के भाव 6500 से 7500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। 2022 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी के चलते दाम 10 हजार 500 रुपये तक पहुंचे, लेकिन यह तेजी टिकी नहीं। 2023 और 2024 में भाव फिर सीमित हो गए। इस साल सरकार ने समर्थन मूल्य 7710 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो किसान की बढ़ी हुई लागत को देखते हुए नाकाफी माना जा रहा है।

### बिजाई का सही वक्त लेकिन मौसम दे रहा धोखा

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जिले की रेतीली जमीन कपास के लिए उपयुक्त मानी जाती है और बिजाई का सही समय 20 अप्रैल से 15 मई के बीच रहता है। लेकिन बदलते जलवायु हालात ने इस समीकरण को भी उलट दिया है। अनिश्चित बारिश, बेमौसम गर्मी और बदलते तापमान के कारण फसल बुरी तरह प्रभावित हो रही है। किसान समय पर बिजाई करता है, फसल भी अच्छी दिखती है लेकिन अचानक पौधे सूखने लगते हैं और सारी मेहनत बेकार हो जाती है।

### दलहन अपनाओ, मिट्टी बचाओ : डॉ.राजपाल

कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजपाल ने बताया कि इस बार जिले में 3680 एकड़ देसी कपास व 22800 एकड़ में बीटी कॉटन की बिजाई की गई है। कुल नरमे का रकबा 26480 एकड़ रह गया है। बीते साल यह 80-85 हजार था। घटते रकबे पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि कपास की पैदावार में लगातार कमी और बढ़ती लागत के कारण किसान इससे दूरी बना रहे हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि अब दलहन और अन्य फसली चक्र अपनाने की जरूरत है।

### अभी नहीं चेते तो कल देर हो जाएगी

फतेहाबाद की कपास की यह कहानी सिर्फ एक जिले की नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा के कृषि संकट की तस्वीर है। जो जिला कभी काटन बेल्ट कहलाता था, वहां अगर कपास की खेती पूरी तरह खत्म हो गई तो न केवल किसानों की आजीविका प्रभावित होगी, बल्कि उस मिट्टी की पहचान भी मिट जाएगी जो कभी सफेद सोना उगाती थी। जरूरत है कि सरकार, कृषि विभाग और किसान मिलकर इस संकट का हल निकालें वरना आने वाली पीढ़ी सिर्फ किताबों में पढ़ेगी कि फतेहाबाद कभी काटन बेल्ट हुआ करता था।

# एसडीओ के कार्यभार संभालते ही बिजली समस्या को लेकर पहुंचे लोग

- लंबे समय से चल रही बिजली कटौती की समस्या को लेकर मांग पत्र भी सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



भूना। नवनियुक्त एसडीओ को मांग पत्र सौंपते शहरवासी।

बिजली विभाग में नवनियुक्त एसडीओ मनजीत शर्मा ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने पर शहर के सामाजिक व जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान शहर में लंबे समय से चल रही बिजली कटौती की समस्या को लेकर उन्हें मांग पत्र भी सौंपा गया। वॉइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, पार्षद अतुल सोनी, पार्षद प्रतिनिधि बलजीत सोनी, पार्षद प्रतिनिधि बजरंग शर्मा तथा प्रमोद धारणिया ने एसडीओ मनजीत शर्मा से मुलाकात कर भूना शहर के फीडर नंबर 1 और 2 में लगातार लग रहे बिजली कटों से आमजन को हो रही परेशानी से अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले काफी समय से बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण व्यापारियों, किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से हालात और अधिक गंभीर हो जाते हैं। दिन और रात दोनों समय बार-बार बिजली जाने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कई बार बिना किसी पूर्व सूचना के कट लगने से उपभोक्ताओं में रोष बना हुआ है।

### इग्नू स्टडी सेंटर में इंडक्शन मीट 24 को

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में आगामी 24 मई को इंडक्शन मीट होगी। इग्नू अध्ययन केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि जनवरी 2026 में इग्नू में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन24 मई को महाविद्यालय के कमरा नंबर 101 में 11 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंडक्शन मीट का उद्देश्य नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों को इग्नू के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, अध्ययन पद्धति और संसाधनों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इस इंडक्शन मीट में विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, असाइनमेंटस व अन्य गतिविधियों संबंधी जानकारी प्रदान की जाएंगी।

# सरकार देश की परीक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल: सैलजा

- युवाओं के साथ अन्याय और भेदभाव करने के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार देश की परीक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। सांसद ने भाजपा सरकार पर युवाओं के साथ अन्याय और भेदभाव करने के गंभीर आरोप लगाए। सांसद मंगलवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। सांसद ने कहा कि राहुल गांधी लगातार जिस खतरे की ओर देश का ध्यान दिलाते रहे हैं, आज वही स्थिति पूरे देश में दिखाई दे रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदारी कौन लेगा। हर बार छोटे स्तर पर कार्रवाई दिखाकर सरकार अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकती। जब लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा हो, तब जवाबदेही शीर्ष स्तर पर तय होनी चाहिए। सैलजा ने कहा कि देश का युवा मेहनत कर रहा है, लेकिन भाजपा सरकार व्यवस्था सुधारने के बजाय अपनी विफलताओं को छुपाने में लगी है। सांसद ने सरकार से मांग की कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए।

### कैंसर की रोकथाम के लिए ठोस प्रयास नहीं हो रहे

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि वे बार-बार लोकसभा में हरियाणा में तेजी से फैल रहे कैंसर का मुद्दा उठा चुकी हैं, लेकिन सरकार डिनायल मोड में काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से कैंसर की रोकथाम के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे हैं और यहां तक कि व्यापक सर्वे करवाने की भी तैयारी नहीं दिखाई दे रही। कुमारी सैलजा ने कहा कि केवल सिरसा ही नहीं, बल्कि हरियाणा के अन्य हिस्सों से भी कैंसर पीड़ित लोग लगातार अपनी समस्याएं लेकर सामने आ रहे हैं।

## गांव खाईशेरगढ़ क्षेत्र में हुआ हादसा

# हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत

**सिरसा।** जिले के गांव खाईशेरगढ़ क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनस्थल पर पहुंची और दोनों को नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मृतकों की पहचान मृतकों की पहचान यूपी के बदायूं निवासी साहिल तथा सिरसा के मलकीत सिंह के रूप में हुई है।

दोनों बाइक सवार सोमवार देर रात्रि को घर लौट रहे थे। गांव घुंकावाली से खाई शेरगढ़ मार्ग पर दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तुरंत दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि साहिल गांव घुंकावाली स्थित गिट्टी बनाने की फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था और काफी समय से यहीं रह रहा था। वहीं मलकीत सिंह अपने गांव खाई शेरगढ़ में मजदूरी करता था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**योजना** विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे

# सरकारी स्कूलों में अब जर्मन भाषा की पढ़ाई की तैयारी शिक्षकों से मांगे आवेदन, जर्मन एम्बेसी के विशेषज्ञ देंगे ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जल्द विदेशी भाषा सीखने का अवसर मिलने जा रहा है। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के स्कूलों में जर्मन भाषा की पढ़ाई शुरू करने की दिशा में पहल तेज कर दी है। इसके लिए विभाग ने एम्बेसी ऑफ जर्मनी इन इंडिया के सहयोग से योजना तैयार की है और शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। शुरुआती चरण में यह व्यवस्था सरकारी स्कूलों में वैकल्पिक विषय के रूप में लागू की जाएगी। विभाग का मानना है कि विद्यार्थियों को स्कूली स्तर पर विदेशी भाषा का ज्ञान देने से उनके लिए उच्च शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। शिक्षा विभाग ने पीजीटी अंग्रेजी, टीजीटी अंग्रेजी और सोशल स्टडीज विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए हैं। पात्र शिक्षक 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में शिक्षकों को यह जानकारी देनी होगी कि उन्हें जर्मन भाषा का पूर्व अनुभव है या नहीं और क्या वे भविष्य में विद्यार्थियों को यह भाषा पढ़ाने के इच्छुक हैं।

### नए सत्र में शुरुआत

विभागीय अधिकारियों के अनुसार चयनित शिक्षकों को जर्मन एम्बेसी से जुड़े विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। इसमें उच्चारण, व्याकरण, संवाद शैली और बुनियादी भाषा कौशल पर विशेष फोकस रहेगा। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद यही शिक्षक स्कूलों में विद्यार्थियों को जर्मन भाषा सिखाएंगे। योजना के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नए सत्र में इसकी शुरुआत किए जाने की संभावना है।

### करियर को मिलेगा फायदा

शिक्षा विभाग का कहना है कि जर्मनी तकनीक, इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी देशों में शामिल है। ऐसे में जर्मन भाषा का ज्ञान विद्यार्थियों के लिए विदेश में पढ़ाई और नौकरी के अवसर बढ़ा सकता है। इसके अलावा पर्यटन, आतिथ्य, अनुवाद और अंतरराष्ट्रीय व्यापार जैसे क्षेत्रों में भी जर्मन भाषा जानने वाले युवाओं की मांग रहती है।

### शिक्षकों को किया जा रहा प्रेरित

फतेहाबाद जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने बताया कि संबंधित शिक्षकों को आवेदन के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि शिक्षकों के लिए भी नई संभावनाएं लेकर आएगी। विदेशी भाषा का प्रशिक्षण मिलने से शिक्षकों का कौशल भी बढ़ेगा और शिक्षा व्यवस्था में नए प्रयोग को बढ़ावा।